लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला राय पिथौरा किला में 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम में शामिल हुए

......

अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध, राय पिथौरा किला आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है : श्री बिरला

....

पिछले 75 सालों के दौरान भारत ने उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए लोकतांत्रिक सशक्तीकरण का नया अध्याय शुरू किया है : श्री ओम बिरला

....

हमने अपनी प्रतिबद्धता, लगन, कड़ी मेहनत और सामूहिक प्रयासों से लोकतंत्र को सफल बनाया है : श्री बिरला

....

विविधता में एकता हमारी ताकत है : श्री बिरला

....

हमारा उद्देश्य है एक भारत श्रेष्ठ भारत। हमें अपने विचारों और कर्मों से राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान करना चाहिए : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 12 मार्च, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला आज दिल्ली के राय पिथौरा किला में 'आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम' में शामिल हुए।

महाराजा पृथ्वीराज चौहान का स्मरण करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि राय पिथौरा किला भारत के शत्रुओं के विरुद्ध संघर्ष का मुख्य केंद्र रहा है। इसलिए भारत की आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के आयोजन के लिए के लिए यह सबसे उपयुक्त स्थान है।

भारत की लोकतांत्रिक विरासत के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हालांकि हम विदेशी शासन से स्वतंत्र होने की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, परंतु भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक विरासत हजारों साल पुरानी है । इस संबंध में श्री बिरला ने उन स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण किया जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए । उन्होंने यह टिप्पणी की कि सभी प्रकार की विविधताओं के बावजूद भारत में सत्ता का हस्तांतरण हमेशा से सुगमता से हुआ है जो लोकतंत्र में हमारी गहरी आस्था का प्रतीक है।

पिछले 75 वर्षों के दौरान भारत की प्रगति के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री ओम बिरला ने कहा कि भारत ने प्रगति करते हुए लोकतांत्रिक सशक्तीकरण का नया अध्याय आरंभ किया है। भारत ने उन सब को गलत ठहराया है जिन्होंने आजादी के समय हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर संदेह व्यक्त किया था। श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि हमने अपनी प्रतिबद्धता, लगन, कड़ी मेहनत और सामूहिक प्रयासों के बल पर चुनौतियों का डटकर सामना किया है और अपने लोकतंत्र को सफल बनाया है ।

श्री बिरला ने यह भी कहा कि पिछले 75 वर्षों के दौरान भारत में 17 आम चुनाव और 400 से अधिक विधान सभा चुनाव हुए हैं। इस अवधि के दौरान अनेक दलों की सरकारें गठित हुई हैं और कई दल सत्ता से बाहर हुए, लेकिन आधारभूत स्तर पर हमारा लोकतंत्र हमेशा सुदृढ़ रहा है। चुनाव प्रक्रिया में युवाओं और अधिकाधिक संख्या में महिलाओं की भागीदारी से हमारा लोकतंत्र मजबूत हुआ है। इस संबंध में श्री बिरला ने उन नेताओं की सराहना की जिन्होंने भारत को एक अच्छा संविधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि विविधता में एकता भारत की ताकत है। भाषाई, धार्मिक और क्षेत्रीय विविधताओं के बावजूद हम अपने भारतीयता को बनाए रखने में सफल रहे हैं।

लोक सभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि हमारा लक्ष्य है एक भारत श्रेष्ठ भारत। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी लोगों और विशेषकर युवाओं को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि हम अपने विचारों और कर्मों से अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में अधिकाधिक योगदान करें।